Dainik Bhaskar (Indore), 10th May 2026, Front Page – plus 06

इंदौर में सिटी बस सेवा के लिए 28 रूट तय किए

परिवहन विभाग ने देर रात जारी की अधिसूचना

इंदौर। परिवहन विभाग ने इंदौर में सिटी बस सेवा के लिए 28 रूटों की अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें शहरी इलाकों के साथ आसपास के क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है।

इसे एक बड़े "रीजनल अर्बन ट्रांजिट प्लान" के रूप में इसे देखा जा रहा है। बस सेवा को बड़े क्षेत्रों तक ले जाने की तैयारी है, जिससे आसपास के कस्बों तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इस व्यवस्था के तहत एक रूट तय होने पर 150 रुपए प्रति सीट प्रति किलोमीटर के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा।

कहां से कहां चलेगी

रूट 09 पालिया-महू रेलवे स्टेशन, 10 हवा बंगला-सांवेर, 11 महू नाका-सांवेर, 12 मांगलिया-मेडिकैप्स, 13 सरवटे-क्षिप्रा, 14 राऊ रंगवासा-सेमलिया, 15 राजवाड़ा-इंडेक्स कॉलेज, 16 भंग्या-कम्पेल, 17 राजवाड़ा-आईआईटी सिमरोल, 18 कुमेड़ी-मेडिकैप्स, 19 सरवटे-इंडोरामा, 20 देवास नाका-पीथमपुर, 21 सरवटे-इंडोरामा, 22 सरवटे-घाटाबिल्लोद, 23 सांवरिया मंदिर-घाटाबिल्लोद, 24 झलारिया-बेटमा, 25 विद्यासागर-चोइथराम 26, निपानिया-हातोद, 27 नीलगिरी-हातोद, 28 गुलमर्ग-झलकारी बाई मेट्रो स्टेशन।